समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# IND vs ENG: साउथैम्प्टन मे टीम इंडिया की प्रतिष्ठा दांव पर, क्या श्रेयस अय्यर इंग्लैडं को देगें करारा जवाब ?

Sanket Morankar Published on 10 Jul 2026




भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का अंतिम मुकाबला **11 जुलाई** को साउथैम्प्टन में खेला जाएगा। सीरीज पहले ही गंवा चुकी टीम इंडिया के सामने अब केवल सम्मान बचाने की ही नहीं, बल्कि टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपनी नंबर-1 स्थिति बनाए रखने की भी बड़ी चुनौती है।

श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय टीम लगातार खराब दौर से गुजर रही है। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज हारने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ भी भारत को 12 वर्षों बाद टी20 सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में आखिरी मुकाबला भारतीय टीम के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

### नंबर-1 रैकिंग पर मंडरा रहा खतरा

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में फिलहाल भारत शीर्ष स्थान पर है। हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में पहले चार मुकाबलों में भारत को तीन हार मिली, जबकि एक मैच रद्द रहा।

यदि टीम इंडिया पांचवां मुकाबला भी हार जाती है तो उसे क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही टी20 की नंबर-1 रैंकिंग पर भी खतरा बढ़ जाएगा, जिससे यह मुकाबला और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

### इंग्लैडं की नजर क्लीन स्वीप पर

चौथे टी20 में जीत के बाद इंग्लैंड के कप्तान **हैरी ब्रूक** ने कहा कि उनकी टीम ने भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अपनी योजनाओं को शानदार तरीके से लागू किया। उन्होंने संकेत दिए कि टीम का लक्ष्य सिर्फ सीरीज जीतना नहीं, बल्कि आखिरी मुकाबला भी जीतकर क्लीन स्वीप पूरा करना और टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करना है।

## श्रेयस अय्यर के सामने बड़ी चुनौती

श्रेयस अय्यर के लिए यह मुकाबला कप्तान के तौर पर आत्मविश्वास वापस हासिल करने का अवसर भी होगा। लगातार हार के बाद भारतीय टीम पर दबाव बढ़ गया है और अंतिम मुकाबले में जीत दर्ज कर टीम आलोचनाओं का जवाब देना चाहेगी।

## साउथैम्प्टन की यादे भारत के पक्ष मे ं

साउथैम्प्टन में भारतीय टीम दूसरी बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने उतरेगी। इससे पहले जुलाई 2022 में इसी मैदान पर भारत ने इंग्लैंड को 50 रन से हराया था। ऐसे में टीम इंडिया उम्मीद करेगी कि वह उसी प्रदर्शन को दोहराते हुए सीरीज का समापन जीत के साथ करे।

## नजरे ं आखिरी मुकाबले पर

पांचवां टी20 मुकाबला दोनों टीमों के लिए अलग-अलग मायनों में अहम है। इंग्लैंड जहां क्लीन स्वीप और नंबर-1 रैंकिंग की ओर कदम बढ़ाना चाहेगा, वहीं भारत सम्मान बचाने, जीत के साथ सीरीज समाप्त करने और अपनी शीर्ष टी20 रैंकिंग को सुरक्षित रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.